# शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर उपलब्ध सेवाएँ

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

tci THE CHALLENGE INITIATIVE
HEALTHY CITIES INDIA

## सेवाएं

### मातृ स्वास्थ्य



- गर्भावस्था परीक्षण और गर्भधारण के शुरुआती पंजीकरण
- गुणवत्ता और सटीकता के साथ एएनसी सेवाओं का प्रावधान
- मातृ व शिशु सुरक्षा कार्ड को भरना
- प्रसव पूर्व व पश्चात उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए रेफरल और उनकी आपातकालीन देखभाल
- विभिन्न विषयों पर परामर्श : जैसे- लड़कियों की शिक्षा, शादी की सही उम्र, गर्भावस्था के दौरान देखभाल, गर्भावस्था के दौरान खतरे के चिन्ह, प्रसव/जन्म की तैयारी, संस्थागत प्रसव का महत्व, जननी सहयोगी योजना एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम योजनाओं की जानकारी
- प्रसव पश्चात देखभाल, नवजात की देखभाल, स्तनपान एवं पूरक पोषण आहार की जानकारी, गर्भनिरोधक का परामर्श एवं जानकारी संधारण करना।
- मातृ एवं शिशु मृत्यु की जानकारी का रिकॉर्ड रखना

### बाल स्वास्थ्य




- नए जन्म का पंजीकरण
- आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा छूटे हुए बच्चों की ट्रेकिंग एवं सम्पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करना
- अल्प कुपोषित ( MAM ) अति कुपोषित ( SAM ) को पूरक पोषण आहार देना एवं NRC पर रेफरल सुविधा
- नवजात शिशुओं की देखभाल 6 माह तक केवल स्तनपान, पूरक पोषण आहार का गृह प्रबंधन एवं जटिलता हेतु कहाँ जाना है इस हेतु परामर्श
- ओ.आर.एस. के पैकेट का वितरण एवं उपलब्धता, कृमि संक्रमण का प्रबंधन
- वजन वृद्धि एवं निगरानी प्रोत्साहन, सभी बच्चों का एनीमिया/सूक्ष्म पोषक तत्वों और विटामिन की कमी के लिए परीक्षण
- एनीमिया वाले बच्चों के लिए छोटी आई.एफ.ए. का प्रावधान


### किशोर स्वास्थ्य ( आयु समूह 10-19 वर्ष )




- एनीमिया व अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों, विटामिन, आयोडीन की कमी व सूखा रोग के लिये परीक्षण
- मादक द्रव्यों को सेवन न करना, स्वस्थ जीवन शैली अपनाना, जिम्मेदार यौन और सामाजिक व्यवहार संबंधी प्रथाओं को बढ़ावा देने हेतु परामर्श

### परिवार नियोजन


कंडोम


ओरल पिल्स


आई.यू.सी.डी.

- गर्भ निरोधक के उपयोग के बारे में जानकारी
- गर्भनिरोधक गोलियां, कंडोम का वितरण
- परिवार नियोजन हेतु नसबंदी के लिए परामर्श

### प्रजनन अंगों का संक्रमण और अन्य संबंधित बीमारियाँ

- RTIS और यौन रोगों, एचआईवी/एड्स की रोकथाम के बारे में जानकारी और परामर्श
- रेफरल केस का निदान और उपचार एवं दोहरी सुरक्षा के लिए कंडोम का वितरण
- उचित संस्थाओं में ICTC और PPTCT के लिए रेफरल

### स्वास्थ्य संवर्धन ( हेल्थ प्रमोशन )



- स्वच्छ पेयजल का महत्व, सुरक्षित जल प्रबंधन के तरीकों, जल को इस्तेमाल के बिन्दू तक साफ रखना, क्लोरीन की गोली का इस्तेमाल, लम्बी डंडी वाला पानी निकालने के पात्र का उपयोग, पानी को स्वच्छ कर उपयोग करने के संबंध में परामर्श
- स्वस्थ खान पान की आदतों, स्वच्छ और सही खाना पकाने व हाथ धोने के महत्व पर शिक्षा
- घर के नमक का आयोडीन के लिए परीक्षण ( परीक्षण के लिए NIDDCP कार्यक्रम के तहत आपूर्ति किट का प्रयोग )
- समुदाय एवं घर से निकले कचरे का सुरक्षित निपटारा
- लिंग समानता ( बेटी बचाओ, बेटा बेटी समानता ) संबंधी परामर्श एवं चर्चा
- पी.सी.पी.एन.टी.डी. एक्ट के महत्व संबंधी परामर्श एवं चर्चा
- महिला एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा की रोकथाम पर चर्चा एवं समझाईश ( घरेलू हिंसा कानून 2006 )
- लड़कियों के लिए शादी की सही उम्र के महत्व पर चर्चा एवं समझाईश
- तम्बाकू, शराब और अन्य मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणाम पर चर्चा
- आंगनवाड़ी केन्द्रों की दैनिक गतिविधियों की समीक्षा, जैसे - पूरक पोषण आहार का वितरण, स्तनपान कराने वाली माताओं को आहार हेतु समझाईश एवं बच्चों को पूरक पोषण आहार, वृद्धि एवं ग्रोथ चार्ट का संधारण
- स्वच्छता के मुद्दे जैसे- सामुदायिक शौचालय के लिए जगह की पहचान एवं मार्गदर्शन व जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन ( जे.एन.यू.आर.एम. ) के तहत सब्सिडी का लाभ उठाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला इंदौर, मध्यप्रदेश**

JOHNS HOPKINS BLOOMBERG SCHOOL of PUBLIC HEALTH | Bill & Melinda Gates Institute for Population and Reproductive Health | USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE | Maternal and Child Survival Program | psi

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

# प्राथमिक स्तर पर मिलने वाली मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाएं

tci THE CHALLENGE INITIATIVE
HEALTHY CITIES INDIA

| | आशा | एएनएम/ यूएचएनडी | आंगनवाड़ी केन्द्र | शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र |
|---|---|---|---|---|
| <br>मातृ स्वास्थ्य | • गर्भधारण का शीघ्रातिशीघ्र पंजीकरण<br>• उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला की पहचान कर एएनएम को सूचित करें<br>• प्रसव की तैयारी<br>• संस्थागत प्रसव में सहयोग<br>• प्रसव पूर्व आवश्यक जांच हेतु प्रेरित करना<br>• प्रसव पश्चात देखभाल और गृहभेंट<br>• परिवार नियोजन की विधियों का परामर्श | • गर्भधारण का शीघ्रातिशीघ्र पंजीकरण<br>• प्रसव पूर्व जाँच व टीकाकरण<br>• जटिलता एवं जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान एवं रेफरल<br>• प्रसव पश्चात देखभाल और गृभ भेंट<br>• परिवार नियोजन की विधियों का परामर्श | • गर्भधारण का शीघ्रातिशीघ्र पंजीकरण<br>• सभी गर्भवती महिलाओं का नियमित वजन<br>• सभी गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को पूरक पोषण आहार<br>• परिवार नियोजन सेवाएँ | • चिकित्सा अधिकारी द्वारा पूर्ण जाँच<br>• उचित देखभाल और गर्भावस्था की जटिलताओं के लिए रेफरल<br>• टीकाकरण<br>• प्रसव पश्चात देखभाल और गृह भेंट<br>• गर्भावस्था एवं प्रसव पश्चात खतरे के लक्षणों की उचित देखभाल<br>• परिवार नियोजन सेवाएँ (ओ.सी.पी., कंडोम, अंतरा, छाया, आई.यू.सी.डी.) |
| <br>नवजात स्वास्थ्य/ शिशु स्वास्थ्य | • नवजात शिशु की प्रोटोकॉल अनुसार गृह भेंट<br>• बीमार नवजात शिशुओं/ बच्चों की पहचान, देखभाल, परामर्श और निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर रेफरल<br>• टीकाकरण के लिए प्रेरित करना | • बीमार नवजात शिशु/ बच्चों को प्राथमिक उपचार हेतु UPHC/CD/निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर रेफर करें<br>• सेप्सिस वाले बीमार नवजात को एंटीबायोटिक की पहलीखुराक दे कर संस्था पर रेफर करें<br>• यूएचएनडी पर नियमित टीकाकरण | • टीकाकरण के लिए प्रेरित करना<br>• बच्चों की वजन वृद्धि व निगरानी एवं प्रोत्साहन<br>• SAM/MAM बच्चों की पहचान कर निकटतम NRC (पोषण पुनर्वास केन्द्र) पर रेफर करना | • यदि रेफरल संभव ना हो तो ओ.पी.डी. स्तर पर नवजात सेप्सिस का प्रबंधन<br>• नियमित टीकाकरण<br>• प्रोटोकॉल अनुसार सभी बीमार नवजात शिशु की ओ.पी.डी. में देखभाल<br>• विशेषज्ञ द्वारा देखभाल के लिए उच्च स्वास्थ्य केन्द्र/ SNCU में रेफर करना |
| <br>बाल स्वास्थ्य | • टीकाकरण हेतु प्रेरित करना<br>• दस्त प्रबंधन के लिए जिंक ओआरएस प्रदाय करना<br>• बीमार बच्चे की पहचान कर UPHC/CD/निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र को रेफर करें | • नियमित टीकाकरण<br>• आईएमएनसीआई प्रोटोकॉल अनुसार बीमार बच्चों की पहचान व इलाज<br>• उचित देखभाल के लिए निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र/ UPHC/पर रेफर करना | • सभी 5 साल से कम उम्र के बच्चों को पूरक भोजन का प्रावधान<br>• बच्चों का ग्रोथ वृद्धि चार्ट संधारित कर SAM/MAM बच्चों की पहचान और UPHC/CD/पोषण पुनर्वास केन्द्र में रेफरल | • आईएमएनसीआई प्रोटोकॉल के अनुसार सभी बाल्यकाल की बीमारियों की ओपीडी में देखभाल<br>• विशेषज्ञ द्वारा देखभाल के लिए उच्च स्वास्थ्य केन्द्र में रेफरल |

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला इंदौर, मध्यप्रदेश

JOHNS HOPKINS BLOOMBERG SCHOOL of PUBLIC HEALTH | Bill & Melinda Gates Institute for Population and Reproductive Health | USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE | Maternal and Child Survival Program | psi

# महिला आरोग्य समिति के कार्य

| सेवाएं | कार्य |
|---|---|
| 1. शहरी स्वास्थ्य व पोषण दिवस के आयोजन में सहयोग प्रदान करना | • मलिन बस्तियों या कमजोर वर्ग की समस्त गर्भवती महिलाओं व बच्चों को शहरी स्वास्थ्य व पोषण दिवस में आने हेतु प्रोत्साहित करना।<br>• आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/आशा/ए.एन.एम. को शहरी स्वास्थ्य व पोषण दिवस के आयोजन करने हेतु आवश्यक सहायोग करना। |
| 2. दूरस्थ इलाकों में फिक्स्ड सत्रों के आयोजन में आवश्यक सहयोग | • मलिन बस्तियों या कमज़ोर वर्ग समस्त गर्भवती महिलाओं व बच्चों को शहरी स्वास्थ्य व पोषण दिवस में आने हेतु प्रोत्साहित करना।<br>• आशा व ए.एन.एम. के साथ मिलकर कार्य करना। |
| 3. समुदाय सेवा प्रदाताओं को आवश्यक सहयोग | • कार्यकर्ताओं की समस्याएं एवं जन समस्याओं को महिला आरोग्य समिति की बैठक के माध्यम से सुनना।<br>• आशा/एएनएम/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दूरस्थ इलाके में कार्य करने हेतु सहयोग प्रदान करना |
| 4. रेफरल में सहयोग | • जन समुदाय को सही समय पर, त्वरित व सही जगह रेफरल करने हेतु जागरूक करना।<br>• सरकार द्वारा प्रदत्त 108, जननी सेवाओं व इमरजेन्सी ट्रांस्पोर्ट सेवाओं के बारे में जागरूक करना।<br>• निजी परिवहन सेवा देने वाले गाड़ी मालिक या ट्रेवल एजेंसी से समय पर अस्पताल पहुंचाने हेतु अनुबंध करना। |
| 5. आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुदृढ़ करने में सहयोग | • आंगनवाड़ी केन्द्रों के कार्य को सुधारने हेतु अनटाईड राशि का उपयोग कर आवश्यक उपकरण व वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना। |
| 6. जन्म मृत्यु पंजीकरण में सहयोग | • समुदाय में हो रहे जन्म/मृत्यु की जानकारी संधारित करने में आशा की मदद करना। |
| 7. मातृ व शिशु मृत्यु की जानकारी का संधारण | • समुदाय में होने वाली मातृ व शिशु की जानकारी आशा/एएनएम/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी को देना। |
| 8. समुदाय में फैली बीमारी की जानकारी देना | • मृत्यु के संभावित कारण की जानकारी देना।<br>• समुदाय में बीमारी फैलने पर तुरन्त सूचना आशा/एएनएम/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी को देना। |

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला इंदौर, मध्यप्रदेश

Johns Hopkins Bloomberg School of Public Health | Bill & Melinda Gates Institute for Population and Reproductive Health | USAID | Maternal and Child Survival Program | psi